**भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण**
**(अनुसूची- 'ए' मिनीरत्न-श्रेणी 1 सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम)**
**क्षेत्रीय मुख्यालय (उ.पू.क्षे.) लो.गो.ब.अ. हवाई अड्डा गुवाहाटी-781015**

## विज्ञापन सं. 01/2025/डीआर/एनईआर

## उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में गैर-कार्यपालक संवर्गों के लिए भर्ती

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, क्षेत्रीय मुख्यालय उत्तर-पूर्वी क्षेत्र, असम, अरुणाचाल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिज़ोरम, नागालैंड और त्रिपुरा के मूल निवासियों के योग्य उम्मीदवारों से उत्तर पूर्वी क्षेत्र में विभिन्न हवाई अड्डों के लिए वरिष्ठ सहायक (इलैक्ट्रॉनिक्स), कनिष्ठ सहायक (मानव संसाधन) और कनिष्ठ सहायक (अग्निशमन सेवा) के पदों के लिए आवेदन आमंत्रित करता है। उपरोक्त पदों के लिए उम्मीदवार केवल भा.वि.प्रा. के वेबसाइट www.aai.aero के अंतर्गत **"CAREERS"** टैब के माध्यम से ही ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। **किसी अन्य माध्यम से किया गया आवेदन स्वीकार्य नहीं होगा।**

### महत्वपूर्ण तिथियां

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ की तिथि | **12-12-2025** |
| ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि | **11-01-2026** |
| ऑनलाइन परीक्षा की संभावित तिथि | भा. वि. प्रा. की वेबसाइट www.aai.aero पर घोषित किया जाएगा। |

### 1. पदों का विवरण:

| पद कोड | पद का नाम | रिक्त पदों एवं आरक्षित पदों की संख्या | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | कुल | अना. वर्ग | आ. क. वर्ग | अ. पि. वर्ग (एनसीएल) | अनु. जा. | अनु. ज. जा. | (पीडब्ल्यूबीडी) वर्ग (ए) | (बी) | (सी) | (डी और ई) | पूर्व-सैनिक | पूर्व-अग्निवीर |
| **01** | वरिष्ठ सहायक (इलैक्ट्रॉनिक्स), एनई-06 स्तर | 5 | 5 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | - |
| **02** | कनिष्ठ सहायक (मानव संसाधन) एनई -04 स्तर | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | - |
| **03** | कनिष्ठ सहायक (अग्निशमन सेवा) एनई -04 स्तर | 7 | 0 | 0 | 1 | 0 | 6 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 |

**प्रयुक्त संक्षिप्ताक्षर:** अना. वर्ग = अनारक्षित, आ. क. वर्ग = आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, अ. पि. वर्ग (एनसील) = अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर), अनु. जा. = अनुसूचित जाति, अनु. ज. जा. = अनुसूचित जनजाति, पीडब्ल्यूबीडी =

बेंचमार्क दिव्यांग जन, पूर्व-सैनिक, पीडब्ल्यूबीडी वर्ग (ए),(बी),(सी), (डी) और (ई): कृपया संबंधित पद कोड के लिए दिव्यांगता बेंचमार्क की उपयुक्त श्रेणियों का संदर्भ लें।

**नोट (ए):** रिक्तियों की संख्या अनंतिम है। भविष्य की आवश्यकताओं के आधार पर रिक्तियों को बढ़ाने या घटाने का अधिकार भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भा.वि.प्रा.) के पास सुरक्षित होगा। बिना किसी नोटिस या कोई कारण बताए आवश्यकतानुसार भर्ती प्रक्रिया को संशोधित/ परिवर्तित/ प्रतिबंधित/ विस्तारित/ रद्द करने का अधिकार भी भा.वि.प्रा.के पास सुरक्षित होगा। प्रबंधन का निर्णय अंतिम होगा और किसी भी अपील पर विचार नहीं किया जाएगा।

**नोट (बी):** पद के लिए निर्धारित की गई दिव्यांगता के विभिन्न श्रेणियों की परिभाषा आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम, 2016 और उसके बाद के संशोधनों के तहत परिभाषित है।

**नोट (सी):** पूर्व सैनिक जिन्होंने पूर्व सैनिकों को पुनर्नियुक्ति के लिए दिए गए आरक्षण का लाभ प्राप्त करने के बाद नियमित आधार पर केंद्र सरकार/राज्य सरकार के अंतर्गत समूह-'ग' और 'घ' पदों पर सिविल क्षेत्र में रोजगार प्राप्त कर लिया है, वे पूर्व सैनिक श्रेणियों के अंतर्गत नियुक्ति के लिए आरक्षण के पात्र नहीं हैं। यद्यपि, वे केवल आयु में छूट के पात्र हैं। पूर्व-सैनिक के पुत्र, पुत्री और आश्रितों को आयु में छूट/ पूर्व-सैनिक आरक्षण स्वीकार्य नहीं है। इसलिए, ऐसे अभ्यर्थियों को अपनी श्रेणी को पूर्व-सैनिक की श्रेणी नहीं दर्शाया जाए।

नौकरी की विशिष्ट प्रकृति के कारण दिव्यांग उम्मीदवार कनिष्ठ सहायक (अग्निशमन सेवा) के पद के लिए पात्र नहीं हैं।

**नोट (डी):** पूर्व सैनिक आरक्षण/पूर्व अग्निवीर/दिव्यांगजन: पूर्व सैनिक/पूर्व अग्निवीर/दिव्यांगजन के लिए आरक्षित रिक्तियां किसी भी श्रेणी से भरी जाएगी तथा चयनित उम्मीदवार जिस श्रेणी से संबंधित होगा, उसके अनुसार क्षैतिज रूप से संबंधित श्रेणियों यथा-अनारक्षित/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग से अलग रूप से समायोजित की जाएगी।

**<u>बेंचमार्क दिव्यांग जनों (पीडब्लयूबीडी) के लिए उपयुक्त चिन्हित पद कोड</u>**

| **पद कोड** | **दिव्यांग जन की श्रेणियाँ** | **कार्यात्मक अपेक्षाएं** |
|---|---|---|
| 02. | बी) बधिर व सुनने में कठिनाई<br>सी) उपचारित कुष्ठ रोग, बौनापन, एसिड अटैक पीड़ित (ओए,ओएल,बीएल,ओएएल) | एस,एसटी,डब्ल्यू,एमएफ,आरडब्ल्यू,एसई,सी |

**<u>प्रयुक्त संक्षिप्ताक्षर:</u>**
एस = बैठना, एसटी = खड़ा होना, डब्लू = चलना, बीएन = झुकना, एमएफ = उंगलियों द्वारा कार्यसाधन, आरडब्लू = पढ़ना व लिखना, एसई = देखना, एच = सुनना, सी – संप्रेषण
बी = अंधापन, एलवी = न्यून दृष्टि, डी = बधिर, एचएच = सुनने में कठिनाई, ओए = एक हाथ, ओएल = एक पैर, बीए = दोनों हाथ, बीएल = दोनों पैर, ओएएल = एक हाथ व एक पैर, सीपी = मस्तिष्क पक्षाघात, एलसी = उपचारित कुष्ठ रोग, डीडब्लू = बौनापन, एएवी = एसिड अटैक पीड़ित, एमडीवाई = मांसपेशीय दुर्विकास, एसडी/ एसआई = विकृत रीढ़ की हड्डी/ रीढ़ की हड्डी में चोट, एएसडी = औटिज़्म स्पेक्ट्रम डिसॉर्डर (एम=हल्का, एमओडी=मध्यम), एसएलडी= विशिष्ट अधिगम दिव्यांगता,एमआई = मानसिक रोग, एमडी = बहु दिव्यांगता।

2. **<u>परिलब्धियाँ:</u>**

**<u>वेतनमान:</u>**

**(ए)वेतनमान और स्तर - रु. 36,000-3%- 1,10,000 एनई-6 वरिष्ठ सहायक, (इलेक्ट्रॉनिक्स)-आईडीए पैटर्न**
**(बी)वेतनमान एवं स्तर - रु. 31,000-3% - 92,000 एनई-4 कनिष्ठ सहायक (अग्निशमन सेवा)-और कनिष्ठ सहायक (मानव संसाधन), आईडीए पैटर्न में।**

मूल वेतन के अतिरिक्त महंगाई भत्ता, अनुलब्धियाँ, मकान किराया भत्ता और अन्य लाभ जिनमें सीपीएफ, ग्रेच्युटी, सामाजिक सुरक्षा योजनाएं, चिकित्सा लाभ आदि भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के नियमों व विनियमों के अनुसार देय होंगे ।

3. **<u>आयु सीमा एवं छूट:</u>**

उम्मीदवारों की आयु 06/12/2025 को 18 से 30 वर्ष होनी चाहिए और ऊपरी आयु सीमा में निम्नानुसार छूट दी जाएगी:

(i) 06/12/2025 तक अ.पि. वर्ग(नॉन क्रीमी लेयर) उम्मीदवारों के लिए 3 साल तक की छूट।

(ii) 06/12/2025 तक अनु. जा. / अनु. ज. जा. के लिए 5 साल तक की छूट ।

(iii) आयु, योग्यता, अनुभव आदि मापदंड हेतु 06/12/2025 को अंतिम तिथि के रूप में माना जाएगा ।

(iv) पूर्व सैनिकों (ईएसएम) के लिए 06/12/2025 को वास्तविक आयु से प्रदान की गई सैन्य सेवा की कटौती के बाद 3 वर्ष। समय-समय पर भारत सरकार द्वारा जारी आदेश के अनुसार आयु में छूट दी जाएगी। (पूर्व सैनिक उम्मीदवारों को अपनी श्रेणी - एससी/एसटी/ओबीसी/यूआर को अंकित करना होगा)। समय-समय पर भारत सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार पूर्व सैनिकों के आरक्षण नियम का पालन किया जाएगा।

(v) भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की नियमित सेवा में कार्यरत उम्मीदवारों के लिए ऊपरी आयु सीमा में 10 साल तक की छूट है ।

(vi) विधवा, तलाकशुदा, न्यायिक रूप से अपने पति से अलग हुईं महिलाओं और पुनर्विवाह न करने वाली महिलाओं के लिए अधिकतम आयु सीमा 35 साल (एससी/ एसटी उम्मीदवार के लिए 40 साल तक और ओबीसी के लिए 38 साल) तक की छूट है ।

(vii) बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्तियों (पीडब्ल्यूबीडी) अर्थात उम्मीदवारों के लिए ऊपरी आयु सीमा में 10 वर्ष तक की छूट है (इसका तात्पर्य यह है कि अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्ग के उम्मीदवारों को उनकी संबंधित श्रेणियों के लिए 05 वर्ष सहित अधिकतम 15 वर्ष तक की आयु में छूट मिलेगी। इसी प्रकार, ओबीसी (एनसीएल) श्रेणी के उम्मीदवारों को अधिकतम 13 वर्ष तक की छूट मिलेगी, जिसमें ओबीसी श्रेणी के लिए 03 वर्ष की आयु में छूट शामिल है)।

(viii) आयु सीमा में छूट उन दिव्यांग उम्मीदवारों को दी जाएगी जिनकी विकलांगता न्यूनतम 40% है, तथा जिनके पास दिव्यांगजन अधिकार (आरपीडब्लयूडी) अधिनियम, 2016 के अंतर्गत केन्द्र/राज्य सरकार के अधीन सक्षम प्राधिकारी/अस्पताल के मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी निर्धारित प्रारूप में दिव्यांगता प्रमाण पत्र हो।

(ix) **<u>पूर्व अग्निवीर:</u>** जिन्होंने सशस्त्र बल में सफलतापूर्वक 04 वर्ष पूर्ण कर लिया है ।
(ए) पूर्व अग्निवीरों के लिए निर्धारित ऊपरी आयु सीमा में तीन (03) वर्ष की छूट स्वीकार्य है।
(बी) अग्निपथ योजना के केवल प्रथम बैच के अभ्यर्थियों को निर्धारित ऊपरी आयु सीमा से तीन (03) वर्ष के स्थान पर पांच (05) वर्ष की छूट स्वीकार्य है।

(x) मैट्रिक/ माध्यमिक परीक्षा प्रमाणपत्र में दर्ज जन्म-तिथि को ही स्वीकार किया जाएगा। बाद में जन्म-तिथि में किसी प्रकार के परिवर्तन के अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा ।

4. **वरिष्ठ सहायक (इलेक्ट्रानिक्स)**

**(i) योग्यता और अनुभव:**

नोट: आयु, योग्यता और अनुभव आदि की गणना **06/12/2025** के अनुसार की जाएगी।

| पद कोड | पद का नाम एवं स्तर | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|
| 01. | वरिष्ठ सहायक (इलेक्ट्रानिक्स)<br><br>एनई-6 स्तर | इलेक्ट्रॉनिक्स/दूरसंचार/रेडियो इंजीनियरिंग में डिप्लोमा<br>**अनुभव:** संबंधित विषय में 2 साल का प्रासंगिक अनुभव |

**(ii) चयन प्रक्रिया:**
(क) लिखित परीक्षा (कम्प्यूटर आधारित टेस्ट)। परीक्षा की अवधि:2(दो) घंटे.
(ख) दस्तावेज़ सत्यापन

**पाठ्यक्रम :**

पद के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता से संबंधित विषयों पर 70% प्रश्न होंगे और सामान्य ज्ञान, सामान्य बुद्धिमत्ता, सामान्य अभिक्षमता, अंग्रेजी आदि पर 30% प्रश्न होंगे।

अना. वर्ग / आ. क. वर्ग / अ. पि. वर्ग के उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम उत्तीर्ण अंक 50% होगा और अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए 40% होगा।

नियुक्ति सीबीटी मेरिट पर आधारित है और 12 सप्ताह की अवधि के लिए एब-इनिशियो प्रशिक्षण और 4 सप्ताह की अवधि के लिए ऑन-द-जॉब प्रशिक्षण (ओजेटी) के सफल समापन के अध्याधीन है। उक्त प्रशिक्षण से पहले उम्मीदवार को भा.वि.प्रा. के साथ बांड निष्पादित करना होगा और प्रशिक्षण अवधि के दौरान उन्हें प्रतिमाह रुपये 25,000/- का स्टाइपेन्ड भी दिया जाएगा।

5. **कनिष्ठ सहायक (मानव संसाधन)**

**(i) योग्यता और अनुभव:**

नोट: आयु, योग्यता और अनुभव आदि की गणना **06/12/2025** के अनुसार की जाएगी।

| पद कोड | पद का नाम एवं स्तर | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|
| 02. | कनिष्ठ सहायक (मानव संसाधन)<br>एनई-4 स्तर | स्नातक।<br><br>** सीबीटी उत्तीर्ण करने वाले उम्मीदवार को एमएस ऑफिस में कंप्यूटर साक्षरता परीक्षा देनी होगी। |

**(ii) चयन प्रक्रिया:**

(i) लिखित परीक्षा (कम्प्यूटर आधारित टेस्ट)। परीक्षा की अवधि:2(दो) घंटे।
(ii) एमएस ऑफिस में कंप्यूटर साक्षरता परीक्षा (अर्हक प्रकृति)
(iii) दस्तावेज़ सत्यापन

**** कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) में उत्तीर्ण होने वाले अभ्यर्थियों को बाद में कंप्यूटर साक्षरता परीक्षा देनी होगी। नियुक्ति कंप्यूटर साक्षरता परीक्षा उत्तीर्ण करने के अध्याधीन सीबीटी मेरिट के आधार पर होगी।**

**<u>पाठ्यक्रम :</u>**

क) पद के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता से संबंधित विषयों पर 50% प्रश्न होंगे;

**और**

ख) सामान्य ज्ञान, सामान्य बुद्धिमत्ता, सामान्य अभिक्षमता, अंग्रेजी आदि पर 50% प्रश्न होंगे ।

अना. वर्ग / आ. कु. वर्ग / अ. पि. वर्ग के उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम उत्तीर्ण अंक 50% होगा और एससी और एसटी उम्मीदवारों के लिए 40% होगा ।

6. **<u>कनिष्ठ सहायक (अग्निशमन सेवा)</u>**

**<u>(i) योग्यता और अनुभव:</u>**

नोट: आयु, योग्यता और अनुभव आदि की गणना 06/12/2025 के अनुसार की जाएगी।

<table>
<tr><th>पद कोड</th><th>पद का नाम एवं स्तर</th><th>शैक्षणिक योग्यता</th></tr>
<tr><td>03.</td><td>कनिष्ठ सहायक (अग्निशमन सेवा)<br><br>एनई-4 स्तर</td><td>i) 10वीं पास + मैकेनिकल/ऑटोमोबाइल/अग्निशमन में 3 वर्ष का अनुमोदित नियमित डिप्लोमा।<br>**(अथवा)**<br>ii) 12वीं पास (नियमित अध्ययन) ।</td></tr>
<tr><td>वांछनीय</td><td colspan="2">एक या अधिक योग्यता रखने वाले उम्मीदवार को उचित वेटेज दिया जाएगा (निम्नलिखित की अधिकतम सीमा के अध्याधीन)<br>क)12वीं कक्षा के स्तर पर कंप्यूटर विज्ञान एक विषय के रूप में;<br>ख)एनसीसी 'बी' प्रमाणपत्र<br>ग)विमानन/नियमित/औद्योगिक संस्थान में अग्निशमन सेवा का प्रासंगिक अनुभव<br>घ)भा.वि.प्रा. अग्निशमन प्रशिक्षण केंद्र से प्रारंभिक अग्निशमन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम<br>ड़)राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा कॉलेज, नागपुर से सब-फायर ऑफिसर कोर्स</td></tr>
<tr><td colspan="3">**<u>ड्राइविंग लाइसें</u>**</td></tr>
<tr><td colspan="3">क) वैध भारी वाहन ड्राइविंग लाइसेंस;<br>अथवा<br>ख)विज्ञापन की तिथि अर्थात 06/12/2025 से कम से कम एक वर्ष पहले जारी किया गया वैध मध्यम वाहन लाइसेंस<br>अथवा<br>ग)विज्ञापन की तिथि अर्थात 06/12/2025 से कम से कम दो साल पहले जारी किया गया वैध लाइट मोटर वाहन (एलएमवी) लाइसेंस<br>उपरोक्त (ख) और (ग) के मामले में, उम्मीदवारों को अपनी परिवीक्षा अवधि पूरी होने से पहले नियुक्ति के एक वर्ष के भीतर हैवी ड्यूटी ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करना अनिवार्य है ।<br>यदि उम्मीदवार हैवी-ड्यूटी ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करने में विफल रहा तो हैवी-ड्यूटी ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करने के लिए उनकी परिवीक्षा अवधि एक और वर्ष के लिए बढ़ाई जा सकती है और तब तक उनकी नियुक्ति की पुष्टि नहीं की जाएगी तथा उनकी वेतन वृद्धि भी रोक दी जाएगी । तत्पश्चात दो साल से अधिक का कोई विस्तार नहीं दिया जाएगा और उनकी सेवा समाप्त कर दी जाएगी ।</td></tr>
</table>

| **अस्थायी/लर्निंग लाइसेंस स्वीकार नहीं किया जाएगा।** | | |
|---|---|---|
| **शारीरिक मानक (पुरुष और महिला दोनों के लिए )** | | |
| **शारीरिक गठन**<br>(पुरुष और महिला दोनों के लिए) | अच्छा | |
| **दृष्टि (पुरुष और महिला दोनों के लिए)** | **दूर की दृष्टि -** 6/6 बिना चश्मे के प्रत्येक आँख से<br>**निकट की दृष्टि -** एन5 बिना चश्मे के प्रत्येक आंख से<br>(दृष्टि मूल्यांकन प्रत्येक आंख के लिए अलग-अलग है)<br>**रंग दृष्टि -** इस्चिहारा द्वारा निर्धारित चार्ट के अनुसार सामान्य होनी चाहिए।<br>**रतौंधी** : नहीं<br>**दृष्टि का क्षेत्र;** प्रत्येक आंख में कन्फ्रन्टेशन परीक्षण द्वारा निर्धारित दृष्टि का पूरा क्षेत्र होना चाहिए।<br>**अपवर्तन दोष :** कोई भी अपवर्तन दोष स्वीकार्य नहीं होगा।<br><br>कार्यात्मक आवश्यकता के रूप में, रंग अन्धता और/अथवा रतौंधी अस्वीकृति मानदंड होगा। | |
| **श्रवण शक्ति (पुरुष और महिला दोनों के लिए)** | सामान्य | |
| **वाक् शक्ति (पुरुष और महिला दोनों के लिए)** | सामान्य | |
| **न्यूनतम ऊंचाई, वजन और छाती** | **पुरुष** | **महिला** |
| कद | 167 सेमी से कम नहीं ## | 157 सेमी से कम नहीं ## |
| **छाती** | विस्तार से पहले सामान्य: 81 सेंमी. ##<br>न्यूनतम विस्तार 5 से.मी. | लागू नहीं |
| वज़न | 55 किलोग्राम से कम नहीं। | 45 किलोग्राम से कम नहीं। |
| # # | बोनाफाइड प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर पहाड़ी क्षेत्र के उम्मीदवारों को कद में (पुरुष और महिला दोनों उम्मीदवारों के लिए) 3 से.मी की छूट और छाती में (केवल पुरुष उम्मीदवारों के लिए) और वजन में आनुपातिक छूट दी जाएगी। जबकि छाती का विस्तार (पुरुष उम्मीदवारों के लिए) न्यूनतम 5 से.मी होना चाहिए। किसी अन्य श्रेणी को कोई अन्य छूट नहीं दी जाएगी। | |
| अयोग्यता | पैरों में दोष, पैर झुकाना, भेंगापन की डिग्री, सपाट पैर, शारीरिक विकृति, रंग अन्धता और/अथवा रतौंधी, पुरानी बीमारी से पीड़ित, कोई भी बड़ा ऑपरेशन जिसके कारण अग्निशमन सेवा में काम करने के लिए अभ्यर्थी शारीरिक रूप से अक्षम होने पर अयोग्य माना जाएगा। | |

**(ii). चयन प्रक्रिया एवं पाठ्यक्रम:**

**प्रथम चरण:**

लिखित परीक्षा (कम्प्यूटर आधारित टेस्ट) – परीक्षा की अवधि: 2 घंटे

**पाठ्यक्रम**

**(क)** पद के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता से संबंधित विषयों पर 50% प्रश्न होंगे;
और

**(ख)** सामान्य ज्ञान, सामान्य बुद्धिमत्ता, सामान्य अभिक्षमता और अंग्रेजी आदि पर 50% प्रश्न होंगे।

अना. वर्ग/आ.क.वर्ग/अ.पि.वर्ग के उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम उत्तीर्ण अंक 50% और अनु.जा और अनु ज. जा. उम्मीदवारों के लिए 40% होंगे।

**द्वितीय चरण :**

क. ऑनलाइन कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) उत्तीर्ण करने पर चयनित उम्मीदवारों की बायोमेट्रिक उपस्थिति, ड्राइविंग लाइसेंस सहित दस्तावेज़ / प्रमाणपत्र सत्यापन के बाद शरीरिक माप और मेडिकल परीक्षण किया जाएगा। मेडिकल परीक्षण में उत्तीर्ण उम्मीदवारों को मूल रूप से वैध लाइट मोटर वाहन / मध्यम मोटर वाहन / भारी मोटर वाहन लाइसेंस रखने की शर्त पर ड्राइविंग परीक्षण (हल्के मोटर वाहन में) की अनुमति दी जाएगी। ड्राइविंग टेस्ट उत्तीर्ण करने पर ही उम्मीदवारों को शारीरिक क्षमता परीक्षण (पीईटी) की अनुमति दी जाएगी।

ख. पूर्व अग्निवीरों को केवल शारीरिक क्षमता परीक्षण से छूट दी जाएगी। पद के अनुसार उन्हें केवल आयु तक सिमित न रहते हुए अन्य उम्मीदवारों के समान उन्हें शैक्षिक योग्यता, लिखित परीक्षा, चिकित्सा परीक्षण/परीक्षा, शारीरिक माप मानक (ऊंचाई, वजन, चिकित्सा मानक आदि), ड्राइविंग आवश्यकताएं, 16 सप्ताह का बुनियादी प्रशिक्षण से भी उपयुक्त होना होगा।

ग. शारीरिक क्षमता परीक्षण (पीईटी):- क्रमानुसार किए जाने वाले निम्नलिखित पांच(05) परीक्षण शामिल हैं: प्रत्येक परीक्षा में अधिकतम 20 अंक होंगे

(i) 100 मीटर दौड़ना
(ii) कैजुअल्टी कैरिंग टेस्ट, (रेत की बोरी को 50 मीटर तक उठाना और ले जाना)
(iii) खंभा चढ़ाई
(iv) रस्सी पर चढ़ना
(v) सीढ़ी चढ़ना और उतरना

**शारीरिक क्षमता परीक्षण के लिए अंकों का मानदंड - पुरुष उम्मीदवार**

| मद → / अंक ↓ | 100 मीटर दौड़ना (सेकंड में) | 50 किलोग्राम रेत की बोरी उठाना और ले जाना (50 मीटर) (सेकंड में) | खंभा चढ़ाई (कुल समय 30 सेकंड) (8 मीटर) | रस्सी पर चढ़ना (कुल समय 20 सेकंड) (8 मीटर) | पूरी सीढ़ी चढ़ना और उतरना (सेकंड में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 20 | 12 सेकंड | 20 सेकंड | पूर्ण उँचाई | पूर्ण उँचाई | 35 सेकंड |
| 18 | 13 सेकंड | --- | -- | -- | 45 सेकंड |
| 16 | 14 सेकंड | 30 सेकंड | 3/4 उँचाई | 3/4 उँचाई | 60 सेकंड |
| 14 | 15 सेकंड | --- | -- | -- | 75 सेकंड |
| 12 | 16 सेकंड | 40 सेकंड | 2/3 उँचाई | 2/3 उँचाई | 90 सेकंड |
| 10 | --- | --- | 1/2 उँचाई | 1/2 उँचाई | --- |
| 8 | --- | --- | 1/3 उँचाई | 1/3 उँचाई | --- |

निम्नलिखित स्थिति में शून्य (0) अंक दिए जाएंगे :-

(i) 100 मीटर दौड़ में 16 सेकंड से अधिक समय लगने पर।
(ii) 50 किलोग्राम रेत की बोरी को 50 मीटर तक ले जाने में 40 सेकंड से अधिक समय लगने पर।
(iii) 30 सेकंड में 1/3 ऊंचाई से कम ऊंचाई तक खंभा चढ़ने पर

(iv) 20 सेकंड में 1/3 ऊंचाई से कम ऊंचाई तक रस्सी चढ़ने पर

(v) पूरी सीढ़ी चढ़ने और उतरने में 90 सेकंड से अधिक समय लगने पर

***नोट 1 :***

- 100 मीटर दौड़ अधिकतम 16 सेकंड में पूरी करनी होगी, अन्यथा शून्य अंक दिए जाएंगे।
- केजुएलटी कैरिंग टेस्ट में, पुरुष उम्मीदवारों को 50 किलोग्राम रेत का एक बैग उठाना होगा और उसे 25 मीटर दूर ले जाना होगा तथा प्रारंभिक बिंदु पर वापस लाकर सुरक्षित रूप से जमीन पर रखना होगा।
- रस्सी और खंभे की कुल ऊंचाई 2 मीटर जोड़कर होगी। पुरुष के लिए उदाहरण 6+2=8 मीटर।
- सीढ़ी की ऊंचाई जमीनी स्तर से 6 मीटर तक होनी चाहिए। पूरी सीढ़ी चढ़ने में उम्मीदवारों की ग्रेडिंग के लिए, सीढ़ी चढ़ने और उतरने में लिया गया कुल समय ध्यान में रखा जाएगा।
- किसी भी पैटर्न में अपने हाथों और पैरों का उपयोग करके रस्सी चढ़ना। जूट/मनीला निर्मित रस्सी की मोटाई 05 सेमी. होगी।
- किसी भी परिस्थिति में उम्मीदवारों को दूसरे प्रयास की अनुमति नहीं दी जाएगी।

**शारीरिक क्षमता परीक्षण के लिए अंकों का मानदंड - महिला उम्मीदवार**

| मद → / अंक ↓ | 100 मीटर दौड़ना (सेकंड में) | 30 किलोग्राम रेत की बोरी उठाना और ले जाना (50 मीटर) (सेकंड में) | खंभा चढ़ाई (कुल समय 30 सेकंड) (6 मीटर) | रस्सी पर चढ़ना (कुल समय 20 सेकंड) (06 मीटर) | पूरी सीढ़ी चढ़ना और उतरना (सेकंड में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 20 | 15 सेकंड | 25 सेकंड | पूर्ण उँचाई | पूर्ण उँचाई | 40 सेकंड |
| 18 | 16 सेकंड | --- | -- | -- | 50 सेकंड |
| 16 | 17 सेकंड | 35 सेकंड | 3/4 उँचाई | 3/4 उँचाई | 65 सेकंड |
| 14 | 18 सेकंड | --- | -- | -- | 80 सेकंड |
| 12 | 19 सेकंड | 45 सेकंड | 2/3 उँचाई | 2/3 उँचाई | 100 सेकंड |
| 10 | --- | --- | 1/2 उँचाई | 1/2 उँचाई | --- |
| 8 | --- | --- | 1/3 उँचाई | 1/3 उँचाई | --- |

निम्नलिखित स्थिति में शून्य (0) अंक दिए जाएंगे :-

(i) 100 मीटर दौड़ में 19 सेकंड से अधिक समय लगने पर।

(ii) 30 किलोग्राम रेत की बोरी को 50 मीटर तक ले जाने में 45 सेकंड से अधिक समय लगने पर।

(iii) 30 सेकंड में 1/3 ऊंचाई से कम ऊंचाई तक खंभा चढ़ने पर

(iv) 20 सेकंड में 1/3 ऊंचाई से कम ऊंचाई तक रस्सी चढ़ने पर

(v) पूरी सीढ़ी चढ़ने व उतरने में 100 सेकंड से अधिक समय लगने पर

**नोट 2 :**

- 100 मीटर दौड़ अधिकतम 19 सेकंड में पूरी करनी होगी, अन्यथा शून्य अंक दिए जाएंगे।
- कैजुएलटी कैरिंग टेस्ट में, महिला उम्मीदवारों को 30 किलोग्राम रेत का एक बैग उठाना होगा और उसे 25 मीटर दूर ले जाना होगा तथा प्रारंभिक बिंदु पर वापस लाकर सुरक्षित रूप से जमीन पर रखना होगा।
- रस्सी और खंभे की कुल ऊंचाई 2 मीटर जोड़कर होगी। महिला के लिए उदाहरण 4+2=6 मीटर।
- सीढ़ी की ऊंचाई जमीनी स्तर से 6 मीटर तक होनी चाहिए। पूरी सीढ़ी चढ़ने में उम्मीदवारों की ग्रेडिंग के लिए, सीढ़ी चढ़ने और उतरने में लिया गया कुल समय ध्यान में रखा जाएगा।

- किसी भी पैटर्न में अपने हाथों और पैरों का उपयोग करके रस्सी चढ़ना। जूट/मनीला निर्मित रस्सी की मोटाई 05 सेमी. होगी।
- <u>**किसी भी परिस्थिति में उम्मीदवारों को दूसरे प्रयास की अनुमति नहीं दी जाएगी।**</u>

**नोट 3 : पुरुष और महिला दोनों उम्मीदवारों के लिए शारीरिक क्षमता परीक्षण हेतु न्यूनतम अर्हक अंक 100 में से 60 होंगे।**

घ. शारीरिक क्षमता परीक्षण केवल अर्हता प्राप्त करने के उद्देश्य से है और इसे प्राप्त करने के लिए उम्मीदवार को पांच (05) निर्धारित **शारीरिक क्षमता परीक्षणों** में न्यूनतम 60 अंक प्राप्त करने होंगे। कनिष्ठ सहायक (अग्निशमन सेवा) के पद हेतु केवल लिखित परीक्षा (केवल कंप्यूटर आधारित परीक्षा-सीबीटी) के अंकों के आधार पर ही अंतिम मेरिट सूची बनाई जाएगी।

ङ. शारीरिक क्षमता परीक्षा (पीईटी) में आनुपातिक अंक नहीं दिए जाएंगे। उदाहरण के लिए यदि कोई पुरुष **उम्मीदवार** मानव डमी के साथ 60 मीटर की दौड़ 35 सेकंड में पूरी करता है तो उसे केवल 12 अंक ही मिलेंगे।

च. प्रथम और द्वितीय चरण के पूरा होने पर योग्यता के अनुसार और अधिसूचित रिक्तियों के अनुसार चयनित उम्मीदवारों को 18 सप्ताह की अवधि के लिए बेसिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम (बीटीसी) के लिए नामित किया जाएगा जिसमें से 02 सप्ताह का प्रशिक्षण विशेष रूप से अनुरक्षण और हैवी ड्यूटी वाहन चलाने का प्रशिक्षण अग्निशमन प्रशिक्षण कॉलेज एफटीसी (नई दिल्ली) या प्रबंधन द्वारा तय किये गए किसी अन्य प्रशिक्षण केंद्र पर दिया जाएगा। चयन प्रक्रिया के दौरान चोट लग जाने पर भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण जिम्मेदार नहीं होगा।

छ. किसी भी उम्मीदवार द्वारा उपरोक्त किसी भी चरण में पात्रता मानदंडों को पूरा न कर पाने की स्थिति में उन्हें चयन प्रक्रिया के अगले चरण में नहीं जाने दिया जाएगा और आगे की चयन प्रक्रिया के लिए उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।

ज. बेसिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम (बीटीसी) को सफलतापूर्वक पूरा करने वाले अभ्यर्थियों को ही नियुक्ति पत्र जारी किया जाएगा। प्रशिक्षण अवधि के दौरान, अभ्यर्थी को 25,000/- रुपये प्रतिमाह का स्टाइपेन्ड दिया जाएगा तथा भाविप्रा से त्यागपत्र देने की स्थिति में राशि वसूली लागत के लिए उक्त प्रशिक्षण से पहले भाविप्रा के साथ बांड निष्पादित किया जाएगा।

**7. <u>बांड वसूली राशि-</u>** सीएनएस (**इलेक्ट्रॉनिक्स) और अग्निशमन विभाग**के मामले में गैर-कार्यकारी अधिकारियों के लिए भाविप्रा से त्यागपत्र के संबंध में बांड वसूली राशि निम्नानुसार है:

| *भाविप्रा में शामिल होने की तिथि से लेकर प्रारंभिक प्रशिक्षण पूरा होने तक त्यागपत्र* | | *प्रारंभिक प्रशिक्षण पूरा होने के बाद त्यागपत्र* | |
|---|---|---|---|
| ***01** महीने तक* | *शून्य* | ***01** वर्ष तक* | ***₹ 3** लाख* |
| ***01** महीने से **02** महीने तक* | ***₹ 50,000*** | ***01** वर्ष से **02** वर्ष तक* | ***₹ 2** लाख* |
| ***02** महीने से **03** महीने तक* | ***₹ 75,000*** | ***02** वर्ष से **03** वर्ष तक* | ***₹ 1** लाख* |
| ***03** माह के उपरांत प्रशिक्षण पूरा होने तक* | ***₹ 1** लाख* | ***03** वर्ष से अधिक* | *शून्य* |

कोई भी कर्मचारी भाविप्रा में शामिल होने की तिथि से बांड दायित्व के अधीन होगा, भले ही वह ऑन-जॉब प्रशिक्षण के लिए किसी प्रशिक्षण केंद्र या स्टेशन/हवाई अड्डे या भाविप्रा प्रबंधन द्वारा प्रशिक्षण के लिए तय किए गए किसी अन्य स्थान पर शामिल हो। यद्यपि यह बांड भाविप्रा में शामिल होने की तारीख से एक महीने की सेवा समाप्त होने के बाद लागू होगा। **त्यागपत्र के मामले में, जहां कोई कर्मचारी बांड दायित्वों के अधीन है, उन्हें सभी बकाया राशि का निपटान करने के बाद ही कार्यमुक्त किया जाएगा। त्यागपत्र के मामले में नियुक्ति प्राधिकारी का अनुमोदन आवश्यक है।**

**8. <u>आवेदन शुल्क और भुगतान की विधि:</u>**

| वर्ग | आवेदन शुल्क |
|---|---|
| सामान्य वर्ग, आ.क.वर्ग और अ.पि.वर्ग | * ₹. 1000/- (केवल एक हजार रुपये) |
| महिला/ अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ दिव्यांग जनों / पूर्व सैनिक और प्रशिक्षु जिन्होंने भा.वि.प्रा. में 01 वर्ष का प्रशिक्षुता प्रशिक्षण पूरा कर लिया है | कोई आवेदन शुल्क नहीं । |

* बैंक शुल्क और सेवा कर को छोड़कर

i) शुल्क ऑनलाइन नेट बैंकिंग/क्रेडिट कार्ड/डेबिट कार्ड/यूपीआई/वॉलेट आदि के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा।

ii) चयनित भुगतान विधि के लिए लागू शुल्क/कमीशन की जांच करें और इसका वहन उम्मीदवार द्वारा किया जाएगा।

iii) एक बार भुगतान किया गया शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा ।

**9. <u>ऑनलाइन आवेदन भरने हेतु दिशानिर्देश:</u>**

**नोट:**

1. **उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपने हित के लिए आवेदन शीघ्र ही करें तथा ऑनलाइन आवेदन करने के लिए अंतिम तिथि/समय तक प्रतीक्षा न करें। यदि उम्मीदवार अंतिम समय की व्यस्तता के कारण अपना आवेदन पत्र जमा नहीं कर पाते हैं तो भाविप्रा, उत्तर-पूर्वी क्षेत्र इसके लिए जिम्मेदार नहीं होगा।**
2. **कृपया भविष्य में संदर्भ के लिए आवेदन पत्र एवं भुगतान पावती पर्ची का प्रिंटआउट अपने साथ रखें।**
3. **कृपया आवेदन पत्र या किसी भी दस्तावेज की हार्ड कॉपी भाविप्रा, उत्तर पूर्वी क्षेत्र के कार्यालय को न भेजें।**

| **महत्वपूर्ण तिथियाँ** | |
|---|---|
| **ऑन-लाइन पंजीकरण की प्रारंभिक तिथि** | **12/12/2025** |
| **डेबिट/ क्रेडिट कार्ड/ यूपीआई/ नेट बैंकिंग आदि के माध्यम से शुल्क के साथ ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि** | **11/01/2026** |

**10. <u>ऑनलाइन आवेदन जमा करने के निर्देश:</u>**

| | *सामान्य निर्देश* |
|---|---|
| 1. | विस्तृत अधिसूचना के लिए कृपया भा.वि.प्रा. की वेबसाइट देखें। |
| 2. | कृपया ऑन-लाइन आवेदन भरने से पहले विज्ञापन/अधिसूचना को ध्यान से पढ़ लें । |
| 3. | ऑनलाइन माध्यम से आवेदन भरने से पहले उम्मीदवार को निम्नलिखित विवरण/ दस्तावेज तैयार रखने होंगे:<br><br>क) वैध ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर – उचित संपर्क हेतु व्यक्तिगत ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर प्रदान करने का सुझाव दिया जाता है ।<br>ख) नवीनतम पासपोर्ट आकार के रंगीन फोटोग्राफ की स्कैन प्रति (3 माह से अधिक पुरानी नहीं) । उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना होगा कि इस भर्ती प्रक्रिया के दौरान उसी फोटोग्राफ का उपयोग किया जाएगा ।<br>ग) आवेदन में अपलोड करने के लिए हस्ताक्षर की स्कैन प्रति । |
| 4. | ऑनलाइन आवेदन पत्र में उम्मीदवार द्वारा एक बार चुनी गई श्रेणी नहीं बदली जा सकेगी । |

| | आवेदन कैसे करें |
|---|---|
| I. | उम्मीदवारों के पास वैध व्यक्तिगत ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर होना चाहिए तथा उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि पूरी भर्ती प्रक्रिया के दौरान यह सक्रिय रहे। आवेदन अनुक्रम संख्या, उपयोगकर्ता आईडी, पासवर्ड और अन्य सभी महत्वपूर्ण आँकड़े उसी पंजीकृत ई-मेल आईडी (कृपया सुनिश्चित करें कि इस मेल बॉक्स पर भेजा गया ईमेल आपके जंक/ स्पैम फ़ोल्डर में रीडायरेक्ट न हो रहा हो) और मोबाइल नंबर पर भेजे जाएंगे। |
| II. | उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन भरते समय अत्यधिक सावधानी से सही विवरण प्रस्तुत करना होगा। उम्मीदवार आवेदन जमा करने से पहले दी गई सूचना को बदल सकते हैं। **एक बार फॉर्म सबमिट हो जाने के बाद, इसे संशोधित नहीं किया जा सकेगा।** |
| III. | एक बार जमा किए गए आवेदन को निरस्त नहीं किया जा सकेगा और एक बार भुगतान किया गया शुल्क भी न तो वापस किया जाएगा और न ही संशोधित किया जाएगा। |
| IV. | **<u>आवेदन जमा करने की प्रक्रिया नीचे दी गई है:</u>** |
| | प्रथम चरण – साईन अप |
| क. | उम्मीदवार को सभी वांछित जानकारी यानी आवेदित पद, उम्मीदवार का नाम, ईमेल आईडी, मोबाइल नंबर आदि सही-सही भरनी चाहिए। |
| **ख.** | साइन-अप करने के लिए **आवेदित पद; श्रेणी;उम्मीदवार का नाम, मोबाइल नंबर और ई-मेल आईडी** भरना होगा। साइन-अप करते समय सबमिट बटन/टैब पर क्लिक करने के उपरांत उम्मीदवारों को उनके पंजीकृत ई-मेल आईडी पर आवेदन अनुक्रम संख्या (यूजर आईडी) और पासवर्ड प्राप्त होगा। अब उम्मीदवार को **"लॉग आउट"** टैब (ऊपरी दाएं कोने पर) पर क्लिक करना होगा और द्वितीय चरण के लिए फिर से लॉग इन करना होगा। प्रथम चरण के पूरा होने पर उम्मीदवार के पंजीकृत ईमेल आईडी/ मोबाइल नंबर पर उपयोगकर्ता आईडी (आवेदन अनुक्रम संख्या) और पासवर्ड के साथ साइन-अप मेल भी प्राप्त होगा। |

| | द्वितीय चरण : (आवेदन भरना) |
|---|---|
| **क.** | साइन-अप करने के बाद उम्मीदवार को पुनः लॉग इन करना होगा और शीर्ष में दाएं कोने पर **"गो टू एप्लिकेशन फॉर्म"** आइकन पर क्लिक करना होगा, अपनी श्रेणी और अन्य अनिवार्य विवरण का चयन करना होगा और व्यक्तिगत विवरण, योग्यता विवरण, फोटो/हस्ताक्षर अपलोड करते हुए डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड या इंटरनेट बैंकिंग/यूपीआई आदि के माध्यम से ऑनलाइन शुल्क (जहां लागू हो) का भुगतान करना होगा। |
| **ख.** | **फोटोग्राफ और हस्ताक्षर की स्कैनिंग के संबंध में निर्देश:** नीचे दी गई प्रक्रिया के अनुसार उम्मीदवारों को अपने फोटोग्राफ और हस्ताक्षर की स्कैन (डिजिटल) प्रति जेपीजी/जेपीईजी प्रारूप में अपलोड करना होगा :<br>i. फोटोग्राफ प्रति:<br>• कृपया सफेद बैकग्राउंड वाला एक नवीनतम पासपोर्ट आकार का फोटो अपलोड करें।<br>• छवि का आकार न्यूनतम 50 केबी और अधिकतम 100 केबी होना चाहिए।<br>• छवि जेपीजी (.jpg) या जेपीईजी (.jpeg) प्रारूप में होनी चाहिए।<br>• स्कैनर डीपीआई 200 डीपीआई होना चाहिए।<br>• परिमाप 3.5 सेमी x 4.5 सेमी होना चाहिए।<br>ii. हस्ताक्षर की प्रति:<br>• आवेदक को सफेद कागज पर काली स्याही की पेन से हस्ताक्षर करना होगा।<br>• हस्ताक्षर केवल आवेदक के ही होने चाहिए, किसी अन्य व्यक्ति के नहीं।<br>• केवल हस्ताक्षर क्षेत्र को स्कैन करें, पूरे पृष्ठ को नहीं।<br>• कृपया अपना हाल ही का हस्ताक्षर अपलोड करें: न्यूनतम 50 केबी, अधिकतम 100 केबी (केवल जेपीईजी और जेपीजी प्रारूप में)।<br><br>**iii. अन्य प्रासंगिक समर्थित दस्तावेज़:** |

| | |
|---|---|
| | • कृपया आवश्यकता अनुसार ऑनलाइन पोर्टल पर प्रासंगिक प्रमाणपत्र (स्व-सत्यापित) स्कैन और अपलोड करें (फ़ाइल का आकार अधिकतम 1एमबी होना चाहिए) (केवल पीडीएफ, जेपीईजी और जेपीजी प्रारूप)<br>• जन्म तिथि प्रमाण के रूप में एसएसएलसी/मैट्रिकुलेशन प्रमाणपत्र ।<br>• आवेदित पद के संबंध में मार्कशीट सहित शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र यदि कोई हो तो ।<br>• समुदाय/जाति (अनु. जा/अनु.ज.जा/अ.पि.वर्ग(एनसीएल), आ. क.वर्ग प्रमाण पत्र (कम्प्यूटरीकृत प्रारूप में सरकार/नगरपालिका के प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा जारी)<br>• अधिवास /निवास स्थान / जन्मभूमि प्रमाण पत्र (कम्प्यूटरीकृत प्रारूप में राज्य सरकार/नगरपालिका के प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा जारी)।<br>• **आ.क.वर्ग उम्मीदवारों** के लिए भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी (तहसीलदार या उससे ऊपर के पद का) द्वारा जारी आय और संपत्ति प्रमाण पत्र ।<br>• कनिष्ठ सहायक (अग्निशमन सेवा) के लिए ड्राइविंग लाइसेंस (वैध भारी वाहन ड्राइविंग लाइसेंस); अथवा **विज्ञापन की तारीख अर्थात 06/12/2025** से कम से कम एक वर्ष पहले जारी वैध मध्यम वाहन ड्राइविंग लाइसेंस; अथवा **विज्ञापन की तारीख अर्थात 06/12/2025** से कम से कम दो वर्ष पहले जारी वैध लाइट मोटर वाहन ड्राइविंग लाइसेंस ।<br>• पूर्व सैनिकों के मामले में सक्षम प्राधिकारी के निर्धारित प्रोफार्मा में डिस्चार्ज सर्टिफिकेट की स्कैन की हुई प्रति, जिला/राज्य सैनिक बोर्ड द्वारा जारी निर्धारित प्रपत्र में पूर्व सैनिक आईडी कार्ड और निर्भरता प्रमाण पत्र।<br>• पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवार के मामले में, आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम 2016 के तहत राज्य/केंद्र सरकार के अस्पताल के मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी निर्धारित प्रारूप में दिव्यांगता प्रमाण पत्र।<br>• विधवा/तलाकशुदा महिलाओं/न्यायिक रूप से अलग रह रही महिलाओं, जिन्होंने पुनर्विवाह नहीं किया है, ऐसे उम्मीदवारों को दस्तावेज सत्यापन के समय पति का मूल मृत्यु प्रमाण पत्र/तलाक या न्यायिक रूप से अलग रहने संबंधी न्यायालय के आदेश की प्रमाणित प्रति तथा उम्मीदवार द्वारा पुनर्विवाह नहीं किए जाने का शपथ पत्र अपलोड करना होगा।<br>• संबंधित विभाग द्वारा संबंधित विषय में अनुभव प्रमाण पत्र।<br>• एनओसी (सरकारी/पीएसयू आदि में कार्यरत उम्मीदवारों के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र)<br>• भाविप्रा कर्मचारियों के लिए भाविप्रा पहचान पत्र (भाविप्रा कर्मचारी के लिए लागू)<br>• पूर्व अग्निवीर के मामले में, सशस्त्र बलों के सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र।<br><br>**दर्ज किया गया विवरण देखने के लिए प्रीव्यू बटन पर क्लिक करें ।**<br><br>**कृपया आवेदन सबमिट करने से पहले सभी सूचनाओं और फोटो/हस्ताक्षर/अन्य प्रासंगिक दस्तावेजों को सावधानी से जांच लें । कृपया ध्यान दें कि सबमिट बटन पर क्लिक करने के उपरांत आप अपने आवेदन को संशोधित/परिवर्तित नहीं कर सकेंगे।** |
| **ग.** | आवेदन जमा होने के बाद, उम्मीदवारों को स्वचालित रूप से डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/नेट बैंकिंग आदि के माध्यम से शुल्क जमा करने के लिए पुनर्निर्देशित किया जाएगा । |
| **घ.** | शुल्क प्रेषण के लिए दिशानिर्देश (यदि लागू हो) निम्नानुसार हैं :<br>• आवेदन जमा करने के बाद, उम्मीदवार को आवेदन शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करने के लिए पुनः निर्देशित किया जाएगा।<br>• कृपया विवरण सत्यापित करें और विभिन्न भुगतान माध्यमों से आवेदन शुल्क का भुगतान करें ।<br>• आवेदन शुल्क के सफल भुगतान के उपरांत उम्मीदवार को उसके आवेदन पत्र पर पुनः निर्देशित किया जाएगा। |
| **ड़.** | ऑनलाइन आवेदन भरने से संबंधित तकनीकी प्रश्नों/स्पष्टीकरणों के लिए, कृपया आवेदन पोर्टल में एकीकृत हेल्पडेस्क टैब या हेल्पडेस्क नंबर: **022-61087529** पर कार्य दिवसों में प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक संपर्क करें। |

11. **<u>सामान्य निर्देश:</u>**

1. केवल **असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड और त्रिपुरा के मूल निवासी ही उपरोक्त पद के लिए आवेदन कर सकते हैं।**

2. उम्मीदवार प्रत्येक पद के लिए अलग-अलग पंजीकरण करते हुए एक से अधिक पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं, बशर्ते कि वे पद के लिए आवश्यक सभी पात्रता मानदंडों को पूरा करते हों और प्रत्येक पद के लिए लागू शुल्क अलग से जमा कर रहे हों।
3. पद के लिए आवेदन करने से पूर्व उम्मीदवार को यह सुनिश्चित करना होगा कि वह विज्ञापन में उल्लिखित पात्रता और अन्य मानदंडों को पूरा करते हों। वे आवेदन को अंतिम रूप से सबमिट करने से पूर्व आवेदन पत्र में दी गई जानकारी की जांच अवश्य कर लें क्योंकि बाद में कोई सुधार संभव नहीं होगा। गलत/ झूठी जानकारी प्रस्तुत करने पर आवेदन को रद्द किया जाएगा और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ऐसी गलत/झूठी जानकारी प्रस्तुत करने के किसी भी परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।
4. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे इस विज्ञापन में उल्लिखित आवेदन की अंतिम तिथि से काफी पहले ऑनलाइन आवेदन करें तथा अंतिम तिथि तक प्रतीक्षा न करें, ताकि इंटरनेट पर अत्यधिक लोड/वेबसाइट जाम/डिस्कनेक्शन के कारण भाविप्रा की वेबसाइट पर लॉग इन करने में डिस्कनेक्शन/अक्षमता/विफलता की संभावना से बचा जा सके।
5. भाविप्रा उपरोक्त कारणों से अथवा भाविप्रा के नियंत्रण से परे किसी अन्य कारण से अंतिम तिथि के भीतर अपना आवेदन प्रस्तुत नहीं कर पाने वाले उम्मीदवारों के लिए कोई जिम्मेदारी नहीं लेगा।
6. आयु, शैक्षणिक योग्यता और अनुभव के संबंध में पात्रता **06/12/2025** के अनुसार निर्धारित की जाएगी।

7. जहां भी सीजीपीए/ओजीपीए/डीजीपीए/सीपीआई आदि दिया गया है वहाँ उम्मीदवार को दस्तावेज़ सत्यापन के समय बोर्ड/ विश्वविद्यालय/ संस्थान द्वारा अपनाए गए मानदंडों के अनुसार अंकों के बराबर प्रतिशत का संकेत स्पष्ट करने वाले दस्तावेज़ प्रस्तुत करने होंगे।
8. जहां आवश्यक योग्यता में अर्हक डिग्री में विशेषज्ञता की आवश्यकता है, वहां उम्मीदवारों को विश्वविद्यालय/संस्थान से एक प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा जिसमें अर्हक डिग्री में विशेषज्ञता को स्पष्ट रूप से निर्दिष्ट किया गया हो।
9. परिणाम की घोषणा/ मार्क-शीट जारी करने की तिथि को योग्यता प्राप्त करने की तिथि माना जाएगा और इस संबंध में कोई छूट नहीं दी जाएगी।
10. शिक्षा और अन्य योग्यताएं सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थानों/विश्वविद्यालयों से प्राप्त की जानी चाहिए।
11. भाविप्रा विभागीय उम्मीदवार जिनके पास अंशकालिक/पत्राचार/दूरस्थ शिक्षा माध्यम से प्राप्त न्यूनतम योग्यता के अनुसार मान्यता प्राप्त डिग्री/प्रमाणपत्र हों, वे आवेदन करने के पात्र होंगे।

12. सरकारी विभागों/ पीएसयू/ स्वायत्त निकायों में कार्यरत उम्मीदवारों को दस्तावेज सत्यापन के समय अपने नियोक्ता से प्राप्त अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्रस्तुत करना होगा। उम्मीदवार द्वारा एनओसी प्रस्तुत न कर पाने की स्थिति में उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा। अन्य दावे जैसे कि चयन की स्थिति में इस्तीफा देने का वचन, लागू एनओसी/त्यागपत्र की स्वीकृत प्रति, अनुभव प्रमाण पत्र आदि को अनापत्ति प्रमाणपत्र नहीं माना जाएगा।
13. अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़े वर्ग के उम्मीदवारों को दस्तावेज सत्यापन के समय सक्षम प्राधिकारी से प्राप्त अपना मूल जाति प्रमाण पत्र, उसकी स्व-सत्यापित प्रति के साथ प्रस्तुत करना होगा अन्यथा उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी और आगे की चयन प्रक्रिया से उनका नाम हटा दिया जाएगा।

14. आरक्षण का लाभ उठाने वाले ओबीसी उम्मीदवारों को दस्तावेज सत्यापन के समय वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान भारत सरकार द्वारा जारी निर्धारित प्रारूप में **"नॉन क्रीमी लेयर स्टेटस" (नवीनतम) के साथ वैध मूल ओबीसी प्रमाणपत्र** प्रस्तुत करना होगा साथ ही इसकी स्व-सत्यापित प्रति भी संलग्न करनी होगी। ऐसा न कर पाने की स्थिति में उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी और आगे की चयन प्रक्रिया से उनका नाम हटा दिया जाएगा। उम्मीदवार को अपनी नियुक्ति से पूर्व एक घोषणा पत्र भी प्रस्तुत करना होगा कि वह ओबीसी के क्रीमी लेयर से संबंध नहीं रखता। शैक्षणिक उद्देश्यों के लिए जारी ओबीसी (नॉन क्रीमी लेयर) प्रमाणपत्र को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

15. आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग का प्रमाणपत्र : आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग के आरक्षित रिक्त पद हेतु आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को दस्तावेज़ सत्यापन के समय यह सुनिश्चित करना होगा कि उन्हें सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी निर्धारित प्रारूप में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए वैध आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग का प्रमाण पत्र (आय और संपत्ति प्रमाण पत्र) जमा किया गया हो ताकि यह साबित हो सके कि वे आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग से संबंध रखते हैं।

16. पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों को दस्तावेजों के सत्यापन के समय आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम 2016 के तहत केंद्र/राज्य सरकार द्वारा गठित मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी बेंचमार्क दिव्यांगता प्रतिशत के साथ दिव्यांगता प्रमाण पत्र की मूल प्रति प्रस्तुत करनी होगी।

17. **पूर्व सैनिकों के मामले में**, उम्मीदवार को दस्तावेज़ सत्यापन के समय मूल डिस्चार्ज प्रमाण पत्र और वचन पत्र (अनुलग्नक III) प्रस्तुत करना होगा।

18. **पूर्व अग्निवीरों के मामले में**, जिन उम्मीदवारों ने सशस्त्र बल में सफलतापूर्वक **चार वर्ष** पूरे कर लिए हैं, उन्हें सशस्त्र बलों द्वारा जारी पूर्व अग्निवीर प्रमाण पत्र की स्कैन की हुई प्रति अपलोड करनी होगी तथा दस्तावेजों के भौतिक सत्यापन के समय पूर्व अग्निवीर प्रमाण पत्र की मूल प्रति प्रस्तुत करना होगा, अन्यथा उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।

19. विधवाओं/तलाकशुदा महिलाओं/न्यायिक रूप से अलग रह रही महिलाओं, जिन्होंने पुनर्विवाह नहीं किया है, उनके मामले में, उम्मीदवार को दस्तावेज सत्यापन के समय पति का मूल मृत्यु प्रमाण पत्र या तलाक/न्यायिक अलगाव संबंधी न्यायालय के आदेश की प्रमाणित प्रति तथा यह शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा कि उम्मीदवार ने पुनर्विवाह नहीं किया है।

20. **बेंचमार्क दिव्यांगता व्यक्तियों (पीडब्ल्यूबीडी/दिव्यांग व्यक्ति)** के मामले में, उक्त आवेदक को आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम 2016 के तहत केंद्र/राज्य सरकार द्वारा गठित मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी बेंचमार्क दिव्यांगता प्रमाण पत्र के प्रतिशत की स्कैन की गई प्रति अपलोड करनी चाहिए। दृष्टिहीनता/चलन दिव्यांगता (दोनों भुजाएं प्रभावित-बीए), सेरेब्रल पाल्सी की श्रेणी में पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों के मामले में, यदि उम्मीदवार चाहें तो स्क्राइब की सुविधा दी जाएगी।

क. बेंचमार्क दिव्यांगता (पीडब्ल्यूबीडी) वाले व्यक्तियों की शेष श्रेणियों के मामले में, संलग्न प्रोफार्मा (अनुलग्नक-I) के अनुसार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी/सिविल सर्जन/सरकारी स्वास्थ्य देखभाल संस्थान के चिकित्सा अधीक्षक से प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर प्रतिलेखक के प्रावधान की अनुमति दी जा सकती है कि संबंधित व्यक्ति को लिखने में शारीरिक रूप से सक्षम नहीं है और उनकी ओर से परीक्षा/कंप्यूटर आधारित टेस्ट लिखने के लिए प्रतिलेखक आवश्यक है।

ख. उम्मीदवार को अपने लिए स्वयं प्रतिलेखक चुनने या परीक्षा निकाय द्वारा उपलब्ध कराई गई प्रतिलेखक की सुविधा का लाभ उठाने का विवेकाधिकार है। इस संबंध में उम्मीदवार को ऑनलाइन आवेदन पत्र में उचित विकल्प देना होगा। यदि उम्मीदवार स्वयं प्रतिलेखक का चयन करता है तो प्रतिलेखक की योग्यता परीक्षा देने वाले उम्मीदवार की योग्यता से एक स्तर कम होनी चाहिए।

उम्मीदवार द्वारा नियुक्त प्रतिलेखक भर्ती अधिसूचना के अंतर्गत परीक्षा हेतु अभ्यर्थी/आवेदक नहीं होना चाहिए। बेंचमार्क दिव्यांगता (पीडब्ल्यूबीडी) वाले उम्मीदवारों को अपने स्वयं के प्रतिलेखक/पाठक का विकल्प चुनने पर संलग्न प्रोफार्मा (अनुलग्नक-II) के अनुसार कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) के समय अपने स्वयं के प्रतिलेखक का विवरण प्रस्तुत करना होगा। इसके अतिरिक्त, प्रतिलेखक को परीक्षा के समय मूल रूप में वैध पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा। उम्मीदवार तथा प्रतिलेखक द्वारा हस्ताक्षरित पहचान-पत्र की फोटोकॉपी अनुलग्नक-II में दिए गए प्रोफार्मा के साथ प्रस्तुत की जाएगी। यदि बाद में यह पाया जाता है कि प्रतिलेखक की योग्यता उम्मीदवार द्वारा घोषित योग्यता के अनुरूप नहीं है, तो उम्मीदवार को पद पर अपना अधिकार तथा उससे संबंधित दावे खो देने होंगे। जिन दिव्यांग उम्मीदवारों ने प्रतिलेखक/पैसेज रीडर और/या प्रतिपूरक समय की सुविधा का लाभ उठाया है, उन्हें दस्तावेज़ सत्यापन के समय प्रतिलेखक /प्रतिपूरक समय की पात्रता के लिए प्रासंगिक दस्तावेज़ प्रस्तुत करने होंगे।

**ग.** बेंचमार्क दिव्यांगता वाले उम्मीदवारों को परीक्षा के प्रति घंटे अधिकतम 20 मिनट का प्रतिपूरक समय दिया जाएगा, जिन्हें प्रतिलेखक का उपयोग करने की अनुमति है। दिशानिर्देशों के अनुसार, बेंचमार्क दिव्यांगता वाले सभी उम्मीदवारों को, जो प्रतिलेखक की सुविधा लेने के पात्र हैं, 3 घंटे की परीक्षा के लिए न्यूनतम एक घंटे का अतिरिक्त समय दिया जा सकता है, चाहे वे प्रतिलेखक की सुविधा का उपयोग करें या नहीं। **इसलिए दो घंटे की परीक्षा अवधि के लिए 40 मिनट का अतिरिक्त समय प्रदान किया जाएगा।**

21. अधिवास प्रमाण पत्र संबंधित राज्य के निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

22. सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र सहित सभी प्रमाण पत्र अंग्रेजी में होने चाहिए। अंग्रेजी के अलावा अन्य दस्तावेजों के लिए राजपत्रित अधिकारी या नोटरी द्वारा विधिवत सत्यापित प्रतिलिपि प्रस्तुत करना होगा।

23. दस्तावेज़ सत्यापन प्रक्रिया के दौरान, उम्मीदवार को अनुभव प्रमाण पत्र (जैसा लागू हो) सहित मूल प्रमाण पत्र, पहचान का प्रमाण और सभी प्रमाण पत्रों की स्व-सत्यापित फोटोकॉपी का एक सेट प्रस्तुत करना होगा। उम्मीदवार की पहचान संदेहजनक पाए जाने पर या आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत न कर पाने या दस्तावेजों में उपलब्ध जानकारियों में समानता न पाए जाने की स्थिति में उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी। मूल दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए कोई अतिरिक्त समय नहीं दिया जाएगा।

24. उम्मीदवारों का चयन अनंतिम होगा, जो पात्रता मानदंड, चरित्र और पूर्ववृत्त/पृष्ठभूमि जांच, अधिवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र/अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन-क्रीमी लेयर प्रमाण पत्र)/ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र, वैध ड्राइविंग लाइसेंस, भाविप्रा द्वारा जारी प्रशिक्षुता प्रमाण पत्र (यदि कोई हो) और उम्मीदवार द्वारा प्रस्तुत अन्य दस्तावेजों से संबंधित दस्तावेजों के सत्यापन के अध्याधीन होगा और यह पद के लिए अपेक्षित चिकित्सा मानकों और भाविप्रा के नियमों के तहत नियुक्तियों के लिए लागू अन्य आवश्यकताओं को पूरा करने के अध्याधीन होगा।

25. पंजीकृत उम्मीदवारों की उम्मीदवारी भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में या भर्ती या कार्यभार ग्रहण करने के बाद अस्वीकार की जा सकती है, यदि उम्मीदवार द्वारा दी गई कोई भी जानकारी गलत पाई जाती है या विज्ञापन में उल्लिखित पात्रता मानदंडों के अनुरूप नहीं पाई जाती है। भाविप्रा ऐसे उम्मीदवारों के विरुद्ध उचित समझे जाने पर कानूनी कार्रवाई कर सकता है।

26. पात्रता मानदंड, आवेदनों की स्वीकृति या अस्वीकृति, पद पर चयन का तरीका आदि तथा भर्ती से संबंधित अन्य किसी विषय सहित सभी मामलों में भाविप्रा प्रबंधन/चयन समिति का निर्णय अंतिम होगा तथा सभी उम्मीदवारों पर बाध्यकारी होगा।

27. चयन समिति का निर्णय चुनौती के योग्य नहीं होगा एवं यह अंतिम होगा तथा प्रत्येक उम्मीदवार पर बाध्यकारी होगा।

28. न्यूनतम योग्यताए पूरी करने मात्र से उम्मीदवारों को परीक्षा में बुलाए जाने का कोई अधिकार नहीं मिलेगा। किसी भी अंतरिम पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

29. उम्मीदवारों को कंप्यूटर आधारित/ऑनलाइन परीक्षा और अन्य चयन प्रक्रिया के लिए अपने खर्चे पर उपस्थित होना होगा। इन परीक्षणों के लिए भाविप्रा द्वारा कोई यात्रा भत्ता/ महंगाई भत्ता भुगतान नहीं किया जाएगा।

30. ऑनलाइन परीक्षा (सीबीटी) के लिए उम्मीदवारों को जारी किए जाने वाले प्रवेश पत्र और कॉल लेटर पूर्णतः अनंतिम हैं। यद्यपि, यदि किसी अयोग्य उम्मीदवार को प्रवेश पत्र जारी कर दिया गया है और वह ऑनलाइन परीक्षा/टेस्ट आदि में उपस्थित हुआ है या उसे भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण में शामिल होने की अनुमति दी गई है, तो उसकी अयोग्यता के आधार पर भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण में भर्ती/सेवा के किसी भी चरण में उसकी उम्मीदवारी स्वतः ही रद्द मान ली जाएगी।

31. भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण भविष्य की आवश्यकताओं के आधार पर रिक्तियों को बढ़ाने या घटाने का अधिकार सुरक्षित रखता है। यदि आवश्यकता पड़े तो भाविप्रा बिना कोई नोटिस जारी किए या कोई कारण बताए भर्ती प्रक्रिया को संशोधित/प्रतिबंधित/रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। भाविप्रा प्रबंधन का निर्णय अंतिम होगा और इस संबंध में कोई अपील स्वीकार नहीं की जाएगी।

32. भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण कंप्यूटर आधारित ऑनलाइन परीक्षा और अन्य चयन प्रक्रिया के लिए उम्मीदवारों की स्क्रीनिंग और कॉलिंग के लिए मानक और विनिर्देशों को तय करने और बाद में तय किए गए किसी अन्य मानदंड के आधार पर परीक्षा केंद्र को बदलने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

33. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे किसी भी समाचार पत्र/वेबसाइट/मोबाइल ऐप आदि में आने वाले भ्रामक विज्ञापनों पर प्रतिक्रिया न दें। किसी भी जानकारी की प्रामाणिकता के लिए, उम्मीदवार केवल भाविप्रा की वेबसाइट www.aai.aero पर उपलब्ध विस्तृत विज्ञापन देख सकते हैं।

34. कृपया किसी भी अन्य अपडेट के लिए नियमित रूप से अपने ई-मेल देखें और भाविप्रा वेबसाइट देखें।

35. इस संबंध में आगे कोई अधिसूचना/शुद्धिपत्र, यदि कोई हो, केवल भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की वेबसाइट www.aai.aero पर ही डाला जाएगा।

36. अपूर्ण आवेदन को तत्काल तौर पर अस्वीकार कर दिया जाएगा।

37. चयनित अभ्यर्थियों को भारत में कहीं भी नियुक्त किया जा सकता है।

38. किसी भी तरह से प्रचार करना तथा बाहरी प्रभाव डालना उम्मीदवारी को अस्वीकार किए जाने के योग्य बना देगा।

39. भाविप्रा केंद्र सरकार/राज्य सरकार/स्वायत्त निकाय/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में पहले से कार्यरत किसी भी उम्मीदवार के पिछले रोजगार के वेतन/छुट्टी वेतन/पेंशन अंशदान आदि के कारण कोई देयता पर विचार नहीं करेगा।

40. भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को न्यूनतम अर्हता अंक और अन्य पात्रता मानदंड तय करने का पूर्ण विवेकाधिकार होगा।

41. इस विज्ञापन और/या इसके प्रत्युत्तर में किसी आवेदन से उत्पन्न किसी भी दावे या विवाद के संबंध में कोई भी कानूनी कार्यवाही केवल गुवाहाटी में ही की जा सकती है तथा किसी भी मामले/विवाद पर सुनवाई करने का एकमात्र और अनन्य क्षेत्राधिकार केवल गुवाहाटी स्थित न्यायालयों/न्यायाधिकरणों/फोरमों के पास ही होगा। किसी भी विवाद के लिए न्यायक्षेत्र गुवाहाटी होगा।

42. किसी भी विवाद की स्थिति में, भाविप्रा वेबसाइट और संचार में प्रकाशित विज्ञापन का अंग्रेजी संस्करण वैध माना जाएगा।

**12. सीधी भर्ती के माध्यम से भाविप्रा में शामिल कर्मचारियों को वेतन संरक्षण**

क) जिन कर्मचारियों को 2015 के भर्ती विज्ञापन के बाद अन्य सीपीएसई/राज्य पीएसयू/सरकारी विभाग से उचित माध्यम से सीधी भर्ती (डीआर) के माध्यम से भाविप्रा में भर्ती किया गया है, उन्हें डीपीई दिशानिर्देशों के अनुसार वेतन संरक्षण दिया जाएगा।

ख) भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण में शामिल होने से ठीक पहले अन्य सीपीएसई/राज्य पीएसयू/सरकारी विभाग से आने वाले कर्मचारियों को वेतन संरक्षण प्रदान किया जाएगा ।

**13. कदाचार के विरुद्ध कार्रवाई:**

(i) उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे "ऑनलाइन" आवेदन भरते समय सही जानकारी दें और कोई भी ऐसा दस्तावेज़/ ऐसी जानकारी प्रस्तुत न करें जो गलत हो, जिसमें छेड़छाड़ हुआ हो या जो मनगढ़ंत हो और कोई भी आवश्यक जानकारी को छिपाया न गया हो।

(ii) भर्ती के किसी भी चरण में या बाद में, यदि कोई उम्मीदवार किसी भी कदाचार का दोषी पाया जाता है जैसे :

क) किसी व्यक्ति द्वारा प्रतिरूपण करवाना या स्वयं प्रतिरूपण करना, या

ख) चयन प्रक्रिया के दौरान किसी भी अनियमित साधन का सहारा लेना, या

ग) किसी भी रूप में अपनी नियुक्ति हेतु अनुचित प्रचार करना या अनुचित प्रभाव का प्रयोग करना, या

घ) किसी भी चरण में झूठे प्रमाणपत्र/ दस्तावेज़/ सूचना प्रस्तुत करना या किसी सूचना को छिपाना, या

ङ) परीक्षा में या उसके उपरांत अपनी श्रेणी (अनु.जा./अनु.ज.जा./अ.पि.वर्ग(एनसीएल)/ आ.क.वर्ग/पीडब्ल्यूडी/ पूर्व सैनिक/पूर्व-अग्निवीर, भा. वि. प्रा. प्रशिक्षु) के बारे में गलत जानकारी देने पर उनकी उम्मीदवारी को तत्काल तौर पर रद्द कर दिया जाएगा और उन्हें सेवामुक्त किया जाएगा, इसके अतिरिक्त उनके विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है ।

14. **कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) के लिए केंद्र:**

कंप्यूटर आधारित (ऑनलाइन) परीक्षा उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी । अस्थायी रूप से, परीक्षा केन्द्र **गुवाहाटी, डिब्रूगढ़, सिलचर, नाहरलागुन, कोहिमा, अगरतला, इंफाल, आइजोल और शिलांग** शहर में हो सकते हैं।

(i) ऑनलाइन परीक्षा और अन्य परीक्षण के लिए तिथि, समय और स्थान में परिवर्तन के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा । परीक्षा केन्द्र में परिवर्तन के किसी भी अनुरोध पर भी विचार नहीं किया जाएगा।

(ii) यद्यपि प्रतिक्रिया, प्रशासनिक व्यवहार्यता आदि के आधार पर भाविप्रा-उत्तर-पूर्वी क्षेत्र/परीक्षा प्रशासक अपने विवेकानुसार किसी भी परीक्षा केंद्र को रद्द करने और/या कुछ अन्य केंद्रों को जोड़ने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।

(iii) भाविप्रा-उत्तर-पूर्वी क्षेत्र /परीक्षा प्रशासक द्वारा उम्मीदवार को उसके द्वारा चुने गए केंद्र के अलावा किसी अन्य केंद्र पर आवंटित करने का अधिकार भी सुरक्षित रखते हैं।

(iv) उम्मीदवार को परीक्षा केन्द्र पर अपने जोखिम एवं व्यय पर परीक्षा देनी होगी तथा भाविप्रा-उत्तर-पूर्वी क्षेत्र किसी भी प्रकार की चोट या नुकसान आदि के लिए उत्तरदायी नहीं होगा।

(v) इस पद के लिए वस्तुनिष्ठ प्रकार की ऑनलाइन परीक्षा (कंप्यूटर आधारित परीक्षा) आयोजित की जाएगी। उम्मीदवारों द्वारा दिए गए गलत उत्तर के लिए कोई नकारात्मक अंक नहीं दिया जाएगा।

(vi) परीक्षा हॉल में किसी भी उम्मीदवार द्वारा अभद्र व्यवहार करने पर उसकी उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है/उसे इस परीक्षा से तथा भाविप्रा द्वारा भविष्य में आयोजित परीक्षाओं से भी अयोग्य घोषित किया जा सकता है।

15. **ई-प्रवेश पत्र/कॉल लेटर:**

ई-एडमिट कार्ड/ कॉल लेटर में उम्मीदवार का विवरण अर्थात् नाम, जन्मतिथि, श्रेणी/समुदाय, उप-श्रेणी, अपलोड किए गए हस्ताक्षर, फोटो, परीक्षा का स्थान और पता, परीक्षा की तिथि और समय, अवधि, योजना, निर्देश आदि उम्मीदवार के पंजीकृत ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर पर डाउनलोड हेतु प्रेषित किया जाएगा ।

एक योग्य उम्मीदवार को अपना विवरण अर्थात् लॉगिन आईडी (आवेदन अनुक्रम संख्या) और पासवर्ड दर्ज करके भा.वि.प्रा. वेबसाइट से अपना ई-प्रवेश पत्र/कॉल लेटर डाउनलोड करना होगा । ई-एडमिट कार्ड/कॉल लेटर की कोई मुद्रित प्रति डाक/कूरियर द्वारा नहीं भेजी जाएगी । सभी सामान्य जानकारी भा.वि.प्रा. वेबसाइट के माध्यम से प्रदान की जाएगी ।

16. **घोषणा:**

भर्ती प्रक्रिया से संबंधित सभी घोषणाएं समय-समय पर केवल भा.वि.प्रा. वेबसाइट www.aai.aero के अंतर्गत "कैरियर्स" टैब पर प्रकाशित/प्रदान की जाएगी ।

कृपया किसी भी अन्य अपडेट के लिए नियमित रूप से अपने ई-मेल एकाउंट और भाविप्रा वेबसाइट पर जाएं।

17. **अस्वीकरण**

ऑनलाइन आवेदन के सत्यापन नियम और डिज़ाइन भा. वि. प्रा. वेबसाइट www.aai.aero पर "कैरियर्स" टैब के तहत प्रकाशित भर्ती विज्ञापन (विज्ञापन संख्या 01/2025/डीआर/एनईआर) पर आधारित होगा । उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि ऑनलाइन आवेदन करने से पहले वे भर्ती विज्ञापन/ अधिसूचना को ध्यान से पढ़कर यह सुनिश्चित करें कि वे विज्ञापन में उल्लिखित पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं । ऑनलाइन फॉर्म के माध्यम से प्रस्तुत आवेदन का अर्थ यह नहीं है कि उम्मीदवार विज्ञापन में दिए गए सभी मानदंडों को पूरा करते हों । आवेदित पद हेतु विज्ञापन (विज्ञापन संख्या 01/2025/डीआर/एनईआर) में उल्लिखित उनकी पात्रता की जांच लंबित रहने तक पूरी भर्ती/ चयन प्रक्रिया में उनकी उम्मीदवारी "पूरी तरह से अनंतिम" होगी । यदि उम्मीदवार विज्ञापन के अनुसार पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करते हैं और उनके द्वारा प्रदान की गई कोई भी जानकारी झूठी पाई जाती है या पद के लिए निर्धारित आयु, समुदाय, उप-श्रेणी, श्रेणी, आवेदन शुल्क, आवश्यक शैक्षणिक योग्यता(योग्यताएं) और अनुभव आदि विज्ञापन में उल्लिखित पात्रता मानदंडों के अनुरूप नहीं पाई जाती है तो उनकी उम्मीदवारी चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में और यहां तक कि नियुक्ति के बाद भी अस्वीकृत की जा सकती है ।

**क्षेत्रीय कार्यपालक निदेशक**
**भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण**
**उत्तर-पूर्वी क्षेत्र, गुवाहाटी**

**विषय: कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) के लिए प्रतिलेखक की सेवा का उपयोग**
**संदर्भ: भाविप्रा-एनईआर भर्ती विज्ञापन नंबर 01/2025/डीआर/एनईआर**

**कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) के लिए प्रतिलेखक की सेवा लेने के लिए दिशानिर्देश (विज्ञापन अधिसूचना के खंड 20 (ए), (बी) और (सी) देखें)**

1. आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम, 2016 की धारा 2 (आर) के तहत परिभाषित बेंचमार्क दिव्यांगता (पीडब्ल्यूबीडी) वाले व्यक्तियों को प्रतिलेखक (स्क्राइब) सुविधा की अनुमति दी जाएगी। अंधेपन, चलने-फिरने में अक्षमता (दोनों हाथ प्रभावित-बीए) और मस्तिष्क पक्षाघात की श्रेणी में बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्तियों (पीडब्ल्यूबीडी) के मामले में, जो स्वयं लिखने में असमर्थ हैं, वे अपनी ओर से उत्तर लिखने/टाइप करने के लिए एक प्रतिलेखक की सहायता ले सकते हैं। उम्मीदवारों को अपने खर्चे पर स्वयं ही प्रतिलेखकों की व्यवस्था करनी होगी।

2. दिव्यांगजनों की अन्य श्रेणियों में, प्रतिलेखक की व्यवस्था केवल मुख्य चिकित्सा अधिकारी/सिविल सर्जन/सरकारी स्वास्थ्य सेवा संस्थान के चिकित्सा अधीक्षक से इस आशय का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर ही दी जाएगी कि संबंधित व्यक्ति को टाइपिंग/लेखन में शारीरिक अक्षमता है और उनकी ओर से ऑनलाइन कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) में शामिल होने के लिए प्रतिलेखक आवश्यक है । जारी किया गया प्रमाण पत्र **अनुलग्नक-I** में दिए गए प्रारूप के अनुसार होगा।

3. उम्मीदवार द्वारा प्रयुक्त किए जाने वाले प्रतिलेखक की योग्यता परीक्षा देने वाले उम्मीदवार की योग्यता से एक स्तर कम होनी चाहिए तथा उम्मीदवार को **अनुलग्नक-II** में दिए गए प्रोफार्मा के अनुसार प्रतिलेखक का विवरण प्रस्तुत करना चाहिए।

4. अभ्यर्थी को परीक्षा केन्द्र पर सक्षम चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा जारी दिव्यांगता का मूल चिकित्सा प्रमाण प्रस्तुत करना होगा।

5. अभ्यर्थी को प्रतिलेखक के निम्नलिखित वैध पहचान प्रमाणों में से किसी एक को मूल रूप में तथा उसकी एक फोटोकॉपी परीक्षा केंद्र पर प्रस्तुत करना होगा:

   क) पासपोर्ट
   ख) ड्राइविंग लाइसेंस
   ग) चुनाव फोटो पहचान पत्र
   घ) आधार कार्ड

*अनुलग्नक- I*

*कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) के लिए उम्मीदवारों की शारीरिक असक्षमता के संबंध में प्रमाण पत्र ।*

यह प्रमाणित किया जाता है कि, मैंने श्रीमान/ सुश्री/श्रीमती ________________________________ (दिव्यांग उम्मीदवार का नाम), की जांच की है, जो ________________________ (दिव्यांगता प्रमाण पत्र में उल्लिखित दिव्यांगता की प्रकृति और प्रतिशत) दिव्यांग है, ____________________________________ के पुत्र/पुत्री जो _____________________________________________________(गांव/जिला/राज्य) के निवासी हैं। यहां उल्लेखनीय है कि इस शारीरिक असक्षमता के कारण वह लिखने/टाइप करने में असक्षम है ।

हस्ताक्षर
सरकारी स्वास्थ्य सेवा संस्थान के मुख्य चिकित्सा अधिकारी/
सिविल सर्जन/चिकित्सा अधीक्षक

नाम एवं पदनाम

सरकारी अस्पताल/स्वास्थ्य देखभाल केंद्र का नाम मुहर सहित

स्थान:

दिनांक:

*नोट: प्रमाणपत्र संबंधित विषय/दिव्यांगता के विशेषज्ञ द्वारा दिया जाना चाहिए (उदाहरणार्थ, दृश्य क्षीणता-नेत्र रोग विशेषज्ञ, गति निशक्तता-हड्डी रोग विशेषज्ञ/पीएमआर)।*

<u>अनुलग्नक- II</u>

<u>प्रतिलेखक का उपयोग करने हेतु वचनवद्धता पत्र</u>

मैं ___________________________,एक _________________________________(दिव्यांगता का नाम) उम्मीदवार हूँ, जो जिला ________________________ राज्य ____________________ (राज्य का नाम) में _______________________________ (केंद्र का नाम) में _______________________________ पद के लिए कंप्यूटर आधारित परीक्षा के लिए ____________________(दिनांक) को उपस्थित हो रहा हूँ। मेरा रोल नं. ______________________ है ।

मेरी योग्यता है______________________________

मैं एतद्द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि ____________________________________________ (प्रतिलेखक का नाम) उपर्युक्त परीक्षा लेने के लिए अधोहस्ताक्षरी के लिए प्रतिलेखक/रीडर/प्रयोगशाला सहायक की सेवा उपलब्ध कराएगा ।

मैं एतद्द्वारा वचन देता/देती हूँ कि उसकी योग्यता ________________ है । यदि बाद में यह पाया जाता है कि उनकी योग्यता नीचे हस्ताक्षरकर्ता द्वारा घोषित योग्यता के अनुरूप नहीं है तथा मेरी योग्यता से उच्चतर का है, तो मैं पद तथा उससे संबंधित दावों पर अपना अधिकार खो दूंगा।

(दिव्यांग उम्मीदवार के हस्ताक्षर)

स्थान:

दिनांक:

*यहां प्रतिलेखक का फोटो लगाएं*

<u>प्रतिलेखक का पहचान प्रमाण</u>

दस्तावेज़ का नाम ______________________
स्व-सत्यापित प्रति संलग्न: हां/नहीं

मैं घोषणा करता/करती हूँ कि मेरी योग्यता _______________________________ है और मेरे पास ऊपर उल्लिखित उम्मीदवार के बराबर/उच्च योग्यता नहीं है।

निरीक्षक की उपस्थिति में प्रतिलेखक के हस्ताक्षर:

परीक्षा निरीक्षक के हस्ताक्षर:

**अनुलग्नक -III**

## पूर्व सैनिकों द्वारा दिया जाने वाला वचनबद्धता

मैं, ______________________, जिसका रोल नंबर ___________________ है, ____________________ परीक्षा, 20_________________ के दस्तावेज सत्यापन के लिए उपस्थित हो रहा हूँ और इसके द्वारा वचन देता हूँ कि:

(क) मैं समय-समय पर संशोधित केन्द्रीय सिविल सेवा एवं पद नियम, 1979 में पूर्व सैनिकों के पुनर्नियोजन के अनुसार पूर्व सैनिकों को स्वीकार्य लाभों का हकदार हूँ।

(ख) मैंने पूर्व सैनिकों को पुनर्नियुक्ति के लिए दिए गए आरक्षण का लाभ लेने के बाद नियमित आधार पर ग्रुप- 'सी' और 'डी' पदों पर सिविल पक्ष (सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्वायत्त निकायों/सांविधिक निकायों, राष्ट्रीयकृत बैंकों आदि सहित) में सरकारी नौकरी ज्वाइन नहीं किया है;

**अथवा**

(ग) मैंने सिविल सेवा में सरकारी नौकरी पाने के लिए पूर्व सैनिक के रूप में आरक्षण का लाभ उठाया है। मैंने ________________________________ के कार्यालय में ___________________ को _______________ के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है। मैं एतद्द्वारा वचन देता/देती हूँ कि मैंने अपने वर्तमान नियोक्ता को उपर्युक्त परीक्षा के लिए आवेदन के तिथिवार विवरण के बारे में स्व-घोषणा/वचन-पत्र प्रस्तुत कर दिया है, जिसके लिए मैंने वर्तमान सिविल रोजगार में शामिल होने से पहले आवेदन किया था;

**अथवा**

(घ) मैंने सिविल सेवा में सरकारी नौकरी पाने के लिए पूर्व सैनिक के रूप में आरक्षण का लाभ उठाया है। मैंने ___________ को __________________________________ के कार्यालय में ___________________ के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है। इसलिए, मैं केवल आयु-छूट के लिए पात्र हूं;

मैं एतद्द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि उपरोक्त कथन मेरी जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य, पूर्ण और सही हैं। मैं समझता/समझती हूँ कि किसी भी स्तर पर कोई भी जानकारी झूठी या गलत पाए जाने की स्थिति में मेरी उम्मीदवारी/नियुक्ति निरस्त/समाप्त की जा सकती है।

हस्ताक्षर: ______________________

नाम: ______________________

रोल नं.: ______________________

दिनांक: ______________________

सशस्त्र बलों में नियुक्ति की तिथि: ______________________

सेवा-मुक्ति की तिथि: ______________________

पिछली इकाई/कॉर्प्स: ______________________